तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री


हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 मार्च 2025


छात्रों को भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने के लिए.. 14



किसानों को रिहा करने की मांग 14






## खबर संक्षेप

### प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया सम्मानित

**जींद।** सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि बलवान कौशिक ने शिरकत की। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्रों को इनाम देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्राचार्य सतेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कक्षा नर्सरी से 9वीं व 11वीं के विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत आज रंग लाई है।

### चोरी ने छत उखाड़ कर पांच गाटर किए चोरी

**जुलाना।** जींद-रोहतक मार्ग पर स्थित खेत में बने कमरे से चोरों ने छत को उखाड़ कर पांच गाटर चोरी कर लिए। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। चोरी की वारदात पूरे कस्बे में चर्चा का विषय बनी हुई है। वार्ड एक निवासी विनय लाठर ने बताया कि उसने अपने खेत में एक कमरा बनाया हुआ है। कमरे की छत में गाटर पत्थर लगाए हुए थे।

### कॉलेज के लिए निकली युवती लापता, केस दर्ज

**जींद।** गांव खेड़ा खेमावती घर से कॉलेज के लिए निकली लड़की के संदिग्ध हालत में गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खेड़ा खेमावती निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बहन हर रोज की तरह कॉलेज के लिए घर से निकली थी। जो शाम तक घर वापस नही लौटी।

### अग्रवाल धर्मशाला में सृष्टि संगीत संध्या आज

**जींद।** शहर की सामाजिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में शनिवार को सायं सात बजे सृष्टि संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कलाकार प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संस्था के प्रधान प्रमोद बंसल, संजय, पियूष बंसल, अनिल सिंगला, राजेश गर्ग, परमजीत सेठी, सुनील गर्ग, महिला सृष्टि प्रमुख डा. सीमा सिंह, मीनाक्षी, मंजू, मनीषा बंसल लगे हुए हैं।

### एक मई से पांच मई तक होगा महासम्मेलन

**नरवाना।** माउंट आबू की पहाडि़यों पर स्थित ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान सरोवर एकेडमी परिसर में राष्ट्रीय मीडिया महासम्मेलन एवं रिट्रीट का आयोजन किया जा रहा हैए जिसमें देश भर से 400 की संख्या में मीडिया जगत से जुड़ी हस्तियां एवं मीडियाकर्मी भाग लेंगे। विषयत्रझ वैश्विक शांति और सद्भाव के अग्रदूत के रूप में मीडिया की भूमिका के बारे में विचारों का आदान प्रदान।

### स्वछता अभियान की जानकारी ली

**नरवाना।** शहर की सफाई व्यवस्था की जानकारी जुटाने हेतु एक स्वछता अभियान की टीम दिल्ली से नरवाना पहुंची जो शहर के सभी 23 वार्डो में जाकर सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी जुटाने का काम करेंगे व रिपोर्ट उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का काम करेंगे। अभियान से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि वो तीन दिन नरवाना में सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था की जानकारी हासिल करेंगे।

### अवैध कॉलोनियों में नहीं करें खरीद-फरोख्त

**जींद।** जिला नगर योजनाकार अंजू ने जानकारी दी है कि गांव जलालपुर खुर्द और जींद में कुछ लोग बिना लाइसेंस, सीएलयू और एनओसी के अवैध कॉलोनियां विकसित कर रहे हैं। चूंकि शहर और उसके आसपास बिना लाइसेंस और मंजूरी के कॉलोनियों का विकसित किया जाना अवैध है। इसलिए विभाग द्वारा इस पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### फसल खरीद में किसानों को नहीं हो कोई परेशानी

**जींद।** हरियाणा सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें हर संभव सहयोग कर रही है। न केवल कृषि उत्पादन में सहायता दी जा रही है बल्कि फसलों की खरीद प्रक्रिया को भी पूरी पारदर्शिता और सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

## वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

# छात्रों को भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रोत्साहित किया

### प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्थानीय वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। गरिमामयी अवसर पर मुख्यअतिथि के रुप में तिजेंद्र सिंह ढुल जिला अध्यक्ष भाजपा, केशव तिवारी आईटी सेल जींद, विजेंद्र युवा भाजपा उपाध्यक्ष ने शिरकत की। शुरुआत विद्यालय के निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा, उपनिदेशक आशुतोष शर्मा, एवं प्राचार्या सुकृति शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्पण से की। समारोह के दौरान विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। नर्सरी 1 से वृंदा ने प्रथम, अरुण द्वितीय, गर्वित और लविश ने तृतीय रहे। कक्षा नर्सरी टू से आशवी ने प्रथम स्थान, गुरनाज ने द्वितीय स्थान शाश्वत और रितेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एलकेजी से दिव्यांशी और सान्वी ने प्रथम स्थान, जसिका, ख्वाहिश और नीरव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और वान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी से अनामिका और पारस ने प्रथम स्थान, मंदीप, तीशा, लक्षित, मोक्ष और हरशु ने द्वितीय स्थान तथा अन्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली 1 से तन्वी और गुनीत ने प्रथम स्थान, यक्षित यादव ने द्वितीय स्थान तथा अवनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पहली 2 से तेजस दलाल और तनिश दलाल ने प्रथम स्थान, प्रियांशी गोरिया ने द्वितीय स्थान तथा दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दूसरी से हर्षिता ने प्रथम स्थान, रोनित ने द्वितीय स्थान वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी से वंशिका ने प्रथम स्थान, आयुष ने द्वितीय स्थान व वेदिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी 1 से गुरुरहमत ने प्रथम स्थान पूर्वी ने द्वितीय स्थान अर्जुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी 2 से हरलीन ने प्रथम स्थान, पर्व ने द्वितीय स्थान, आरिधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी से खुशी ने प्रथम स्थान, कीर्ति ने द्वितीय स्थान और राशि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं से चंचल ने प्रथम स्थान अभिनव में द्वितीय स्थान काकू और अनुज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



जींद। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए।



जींद। भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल को सम्मानित करते हुए।

### सफलता के लिए मेहनत करें: ढुल

विभिन्न शैक्षणिक और सहशैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यअतिथि तिजेंद्र ढुल ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते कहा कि यह पुरस्कार न केवल उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय उपनिदेशक आशुतोष शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नही है बल्कि छात्रों के सर्वांगिण विकास को बढ़ावा देना है। खेल सांस्कृतिक गतिविधियां नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध ही एक सच्चे नागरिक की पहचान होती है। यह देखकर गर्व होता है कि हमारे विद्यार्थी शिक्षा के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। प्राचार्य सुकृति शर्मा ने कहा कि मैं सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती हूं और शिक्षकों, अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय परिवार को आयोजन की सफलता में उनके योगदान के लिए धन्यवाद देती हूं। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# किसानों को रिहा करने की मांग

- भाकियू ने लघु सचिवालय पर मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय किसान यूनियन ने शुक्रवार को मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन किया और लघु सचिवालय पहुंच कर नगराधीश डा. आशीष को ज्ञापन सौंपा। भाकियू प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल पोंकरीखेड़ी ने कहा कि भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रत्न मान की अध्यक्षता में सभी किसान लघु सचिवालय के बाहर एकत्रित हुए और यहां से प्रदर्शन करते हुए डीसी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि 19 मार्च को केंद्र सरकार से बातचीत के बाद वापस लौट रहे किसानों को पंजाब पुलिस ने हिरासत में ले लिया था और उसके बाद रातोंरात शंभू तथा खनौरी बार्डर को खाली करवा कर किसानों तथा उनके सामान को जबरदस्ती हटा दिया गया।

ट्रैक्टर ट्रालियों समेत किसानों के उपकरणों को तोड़ दिया गया। किसानों का सामान चोरी हो गया। पंजाब पुलिस ने जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों को कुलचने का काम किया है। वहीं केंद्र सरकार अमेरिकाए यूरोपीय संघ और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रही है। यह समझौते देश के राष्ट्रीय हितों के लिए हानिकारक साबित होंगे।



जींद। मांगों को लेकर लघु सचिवालय में ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी।



जुलाना। स्कूल स्टाफ को किताबें देते मुख्यातिथि डा संजय जांगड़ा।

### बच्चों को शिक्षा के साथ दें संस्कार

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के बाल विद्यालय में हमारा परिवार संस्था द्वारा छोटे बच्चों को किताबें और अन्य सामान बांटा गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में नपा के चेयरमैन डा संजय जांगड़ा ने शिरकत की। कार्यक्रम में 80 छात्रों को किताबें दी गई। अध्यक्षता जींद मातृशक्ति मंच प्रमुख अंतिमा भारद्वाज ने की। स्कूल स्टाफ को और छात्रों को संबोधित करते डा. संजय जांगड़ा ने कहा कि बचपन के पहले पांच वर्षों में ही बच्चे अपने आगे आने वाले जीवन को निर्धारित करते हैं। स्टाफ को चाहिए कि वो छोटे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार के बारे में भी जरूर ज्ञान दें। इसके अलावा बच्चों को अपने माता-पिता के पैर छूने के संस्कार भी जरूर दें ताकि आने वाले जीवन में बच्चों में वहीं संस्कार मौजूद रहे। संस्था के संरक्षक त्रिलोकी शास्त्री, संग्राम, सतपाल मौजूद रहे।

### 13 मई को होगी अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशित

**जींद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशानुसार जिले में पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव 2025 के लिए मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया 25 मार्च से शुरू हो चुकी है और आगामी 13 मई को अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशित होगी। जिले के आठों ब्लॉकों जींद, अलेवा, उचाना, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, उझाना, सफीदों जुलाना में यह कार्य चल रहा है। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संदीप भारद्वाज ने बताया कि पंचायती राज संस्थानों की वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम जारी किया गया है। 25 मार्च से 5 अप्रैल तक वार्ड अनुसार वोटर लिस्ट का प्रारूप तैयार किया जाएगा। इसके बाद 11 अप्रैल को प्रारूप वोटर लिस्ट का प्रकाशन होगा। दावे और आपत्तियां 18 अप्रैल तक दर्ज की जाएगी। निपटारा 22 अप्रैल तक होगा।

### आज से शुरू होगा 7वां नवरस राष्ट्रीय नाट्य उत्सव

**जींद।** एक्टिव थिएटर एंड वैल्फेयर सोसायटी द्वारा दिवान बाल कृष्ण रंगशाला में 29 से 31 मार्च तक सायं साढ़े सात बजे सातवां नवरस नाट्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह नाट्य उत्सव 3 दिन तक चलेगा। सोसायटी के सचिव रंगकर्मी रमेश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि महोत्सव में में हरियाणा व दूसरे प्रदेशों से नाट्यदल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। उन्होनें बताया कि पहले दिन नाटक कर लो घयो नूं भांढा का मंचन होगा। दूसरे दिन बिच्छू व तीसरे दिन कोर्ट मॉर्शल का सफल मंचन होगा। रंगकर्मी रमेश कुमार ने कहा कि अबकी बार हमारा मुख्य थीम पीस (शांति) रहेगा। यह राष्ट्रीय नाट्य उत्सव रंगमंच को आगे बढ़ाने व उसे एक नई दिशा देने का काम करेगा व युवा रंगकर्मियों के लिए यह एक प्रेरणा का काम करेगा।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते रंगकर्मी रमेश भनवाला। फोटो :हरिभूमि



जींद। नशा मुक्ति रैली निकालते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### छात्रों ने निकाली नशा मुक्ति रैली

**जींद।** छोटूराम किसान कालेज में शनिवार को एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मुख्यअतिथि कॉलेज के प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू रहेंगे। प्रोफेसर डा. राजपाल सिंह ढांडा ने बताया कि महाविद्यालय में अनेक खेल से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से रेस, रिले रेस, साइकिल रेस, लॉग जंप, हाई जंप, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट, जैवलियन थ्रो, मटका रेस, बोरी रेस इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 500 रुपये, द्वितीय को 400 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 300 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में केवल महाविद्यालय के विद्यार्थी ही भाग ले सकते हैं। इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों के पास कॉलेज का लाइब्रेरी कार्ड होना अनिवार्य है।

### 800 मीटर रेस में तमन्ना प्रथम

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह के दूसरे दिन की प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, 800 मीटर रेस एवं बैक रनिंग रेस का आयोजन किया। 100 मीटर रेस में तमन्ना बीए प्रथम वर्ष, शालानसी बीए प्रथम वर्ष द्वितीय एवं दिशा प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर रेस में तमन्ना बीए प्रथम वर्ष, शालानसी बीए प्रथम वर्ष द्वितीय एवं निधि तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रही। 800 मीटर रेस में तमन्ना बीए प्रथम वर्ष, शालानसी बीए प्रथम वर्ष द्वितीय एवं मुस्कान बीए प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रही। बैक रनिंग रेस में शालानसी बीए प्रथम वर्ष प्रथम, मुस्कान बीए प्रथम वर्ष द्वितीय एवं प्रीति बीकॉम तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रही। महाविद्यालय के दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



जींद। सैन चौक निर्माण कार्य का शुभारंभ करते रूद्राक्ष मिड्ढा।

### सैन भगत चौक का निर्माण कार्य शुरू

**जींद।** हरियाणा विधानसभा डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि महान पुरुष अपने आदर्श जीवन की छाप छोड़ जाते हैं और इन आदर्शों का अनुकरण कर हमें अच्छे समाज के निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए। जो समाज अपने महापुरुषों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हैं, वह समाज निश्चित रूप से आगे बढ़ते हैं। महान पुरुषों की जयंती मनाने के पीछे भी यही उद्देश्य है कि हम अपनी आने वाली पीढि़यों में अच्छे संस्कार पैदा कर सकें। उन्हीं महापुरूषों में सैन भगत भी शामिल थे। रूद्राक्ष मिड्ढा शुक्रवार को कोर्ट रोड स्थित बनाए जाने वाले सैन भगत चौक के शुभारंभ करने उपरांत सैन समाज के ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके पिता द्वारा सैन समाज को चुनाव के दौरान जो वादा किया था, उसे अब पूरा किया जा रहा है।



जींद। छात्रों को डिजीटल मार्केटिंग के बारे में जानकारी देते हुए कुणाल।

### डिजिटल मार्केटिंग की जानकारी दी

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के द्वारा कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग संबंधित एक्सटेंशन लेक्चर प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में करवाया। प्रवक्ता के तौर पर मुख्य रूप से कुणाल बंसल डिजिटल विपणन विशेषज्ञ को बुलाया। बताया कि डिजिटल मार्केटिंग का मतलब है ऑनलाइन चैनलों के जरिए ब्रैंड के प्रचार और संभावित ग्राहकों से जुड़ना। इसे ऑनलाइन मार्केटिंग भी कहा जाता है। इसमें 70 छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्लेसमेंट सेल के संयोजक डा. गौरव बंसल ने बताया कि प्लेसमेंट सेल द्वारा समय-समय पर छात्र और छात्राओं के लिए इस तरीके के लेक्चर करवाए जाते हैं जो कि विद्यार्थियों के करियर के लिए बहुत लाभदायक होते हैं।इस मौके पर भूपेंद्र, नवीन, विजयपाल आदि ने भी अहम भूमिका निभाई।

# 39वां विशाल भगवती जागरण आज

## पवन गोदियाल, विनोद राज करेंगे मां का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहीदे आजम युवा क्लब के तत्वावधान में 39वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन 29 मार्च शनिवार को पटियाला चौंक स्थित जागरण ग्राऊंड में आयोजित किया जा रहा है। क्लब प्रधान गुलशन सलूजा ने बताया कि जागरण में मख्यअतिथि के तौर पर जींद के भाजपा विधायक एवं डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि होंगे। जबकि समाजसेवी रमेश ढिल्लो, पूर्व सांसद सुरेंद्र बरवाला, प्रदीप गिल, रूद्राक्ष मिड्ढा, राजन चिल्लाना, नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला सम्मानित अतिथि होंगे। जागरण के दौरान जहां आमजन को कन्या भ्रूण न किए जाने को लेकर शपथ दिलाई जाएगी वहीं कन्या महत्ता को लेकर भी श्रद्धालुओं को प्रेरित किया जाएगा। क्लब प्रधान गुलशन सलूजा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवती जागरण भव्य तौर पर आयोजित किया जाएगा और स्थानीय कलाकारों के अलावा बाहर से आए कलाकार इस जागरण में मां भगवती की भेंटें सुना श्रद्धालुओं को भाव विभोर करेंगे। कोषाध्यक्ष अमित सिंधवानी ने बताया कि जागरण में बद्रीनाथ से पवन गोदियाल, कविता गोदियाल, यमुनानगर से विनोद राज, नरेश भजनी, पूर्वी व गोपाली बहनें मां का गुणगान करेंगी। विशेष तौर पर मां का दरबार सजाया जाएगा जोकि आकर्षण का केंद्र होगा। जागरण का समापन मां तारा रानी की कथा से होगा। कलाकार कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरण मंच पर अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की जाएंगी।



- शहीदे आजम युवा क्लब के प्रधान गुलशन सलूजा।



जींद। मेधावी बच्चों के साथ मौजूद अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### गोपाल विद्या मंदिर स्कूल का परिणाम जारी

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय ने शुक्रवार को सभी प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। प्रबंध समिति के सदस्य डा. प्रियदर्शी, उनकी धर्मपत्नी डा. परमिंद्र कौर व विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्रों के उत्साह व अभिभावकों की दमदार उपस्थिति के कारण विद्यालय में सारा दिन उत्सव का माहौल बना रहा। प्रधानाचार्य ने छात्र व अभिभावकों के विद्यालय आगमन पर सभी का हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया। प्राथमिक विभाग प्रमुख विभा व शिशु विभाग प्रमुख सुमन द्वारा कुशल मंच संचालन के साथ छात्र भैया, बहनों का वार्षिक परीक्षा परिणाम प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने अपने संदेश में छात्र व अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

**आस्था** | पिंडारा तीर्थ में श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी, लगेगा मेला

# चैत्र माह की अमावस्या आज, पितृ दोष से मुक्ति के लिए विशेष फलदायी

पिंडारा तीर्थ पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ-साथ सुरक्षा के प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चैत्र माह की अमावस्या शनिवार को बेहद खास संयोग लेकर आ रही हे। इस दिन दिन शनिवार है। जिसके चलते इस अमावस्या को शनि अमावस्या भी कह कर पुकारा जा रहा है। साथ ही सूर्य ग्रहण का संयोग भी रहने वाला है। हालांकि यह ग्रहण भारत में दिखाई नही देगा। जिससे इसका सूतक काल लागू नही होगा। बावजूद इसके यह दिन पितृ तर्पण के लिए विशेष है। क्योंकि शनि अमावस्या को पितरों की कृपा पाने के लिए महत्वपूर्ण मानी जाता है। इस दिन पितरों का श्राद्ध और तर्पण करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर शनिवार को चैत्र अमावस्या पर श्रद्धालु सरोवर में स्नान, पिंडदान करके करके तर्पण करेंगे। इस दौरान मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

प्रशासन ने पिंडारा तीर्थ पर श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था कर दी है। पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ-साथ सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है।

### चैत्र अमावस्या का पौराणिक कथा

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार जब महाभारत के दौरान कर्ण की मृत्यु हो गई और उसकी आत्मा को स्वर्ग भेज दिया गया तो उसे नियमित भोजन नही दिया गया और इसके बजाय उसे सोना और जवाहरात दिए गए। उसने इंद्र से पूछा कि उसे सामान्य भोजन क्यों नही मिल रहा है। इस पर भगवान इंद्र ने कहा कि उसने अपने पूरे जीवनकाल में दूसरों को सभी प्रसाद चढ़ाए लेकिन अपने पूर्वजों के लिए कभी कुछ नही किया। कर्ण द्वारा अनुरोध किए जाने पर और यह पता लगाने के बाद कि वह उनके बारे में नही जानता था, भगवान इंद्र ने कर्ण को 16 दिनों के लिए पृथ्वी पर लौटने का फैसला किया ताकि वह अपने पूर्वजों को भोजन प्रदान कर सके। इस 16 दिवसीय अवधि को पितृ पक्ष के रूप में मनाया जाता है।



जींद। डा. रजनीश जैन को निमंत्रण देते संस्था के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### पैदल ध्वजा यात्रा का होगा आयोजन

**जींद।** जय मां बनभौरी सेवा समिति जींद द्वारा 29 मार्च को सुबह बनखंड महादेव मंदिर में मां बनभौरी देवी महिमा मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। बनभौरी धाम के पुजारी सोनू कौशिक व भजन प्रवाहक पंडित रमेश कौशिक द्वारा यह मंगल पाठ किया जाएगा। जींद में पहली बार मां बनभौरी देवी महिमा मंगल पाठ का आयोजन किया जा रहा है। मंगल पाठ के बाद 29 मार्च को दोपहर बाद बनखंड महादेव मंदिर से बनभौरी धाम तक की विशाल शोभा एवं पैदल ध्वजा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। प्रधान सुनील गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल, रायपूर से प्रमुख समाजसेवी अनिल कुमार गर्ग, अग्रोहा धाम जींद के प्रधान अशोक गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### रोजगार संभावनाएं पर सेमिनार का आयोजन

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के भूगोल विभाग द्वारा भौगोलिक सूचना प्रौद्योगिकी, इसके अनुप्रयोग एवं रोजगार की संभावनाएं विषय पर एक संगोष्ठी एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्काईलाइन संस्थान ऑफ जियोइन्फॉर्मेटिक्स से वरिष्ठ प्रबंधक अजय देशवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में देशवाल ने बताया कि भौगोलिक सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं।

### राजौंद से जींद रोड जाने वाली सड़क खस्ता हाल

**राजौंद** । राजौंद से जींद रोड जाने वाली सड़क का काफी समय से खस्ता हाल में पड़ी हुई है। कई बार आने जाने वाले कहीं वाहन से दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं और काफी सवारी के चोट भी लग चुकी है। इंद्रजीत , दलसिंह ,बिट्टू, मोहित मित्तल, विक्रम , सुमित चहल ज्योति अमित सुखदेव ,देशराज ने बताया कि यह सड़क लंबे समय से खराब पड़ी हुई है और वह इस बारे में वार्ड पार्षद को सड़क मरम्मत की गुहार लगा चुके हैं ।

### बिजली उपभोक्ताओं के लिए बैठक एक को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक एक व 22 अप्रैल को यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल के सभागार में, आठ अप्रैल को यूएचबीवीएन पूंडरी, 15 अप्रैल को यूएचबीवीएन गुहला कार्यालय में आयोजित होगी। यह सभी बैठकें सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे बजे तक आयोजित की जाएगी।

### हलवाई दुकान से गैस सिलेंडर व सामान चोरी

**कैथल।** हलवाई दुकान से गैस सिलेंडर व अन्य सामान चोरी मामले में चौकी भागल पुलिस द्वारा एक आरोपी को काबू कर लिया गया। व्यापक पूछताछ सहित चोरीशुदा सामान की बरामद की लिए आरोपी को एक दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव भुसला निवासी ओमप्रकाश की शिकायत अनुसार उसकी गांव में स्थित हलवाई दुकान से 20 जनवरी की रात अज्ञात व्यक्ति 3 गैस सिलेंडर, 1 चूल्हा व अन्य खाने पीने का सामान चोरी करके ले गए। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि मामले की जांच चौकी भागल पुलिस के एचसी सुशील कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी भुसला निवासी गुरजैंट उर्फ जैंटी को बस स्टैंड भुसला से काबू कर लिया गया।

### चोरी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने के एक मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई पारस सिंह की अगुवाई में एएसआई शमशेर सिंह, एएसआई बिजेंद्र सिंह व एचसी विनोद कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला बरनाला पंजाब के गांव पखोखे निवासी मनप्रीत को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि माडल टाउन कैथल निवासी अर्पित की शिकायत अनुसार वह गांव क्योड़क में जमीन ठेके पर लेकर खेती करता है। 11 मार्च की रात क्योड़क स्थित उसके रिश्तेदार के ईंट भट्टे पर खडे उसके ट्रैक्टर-ट्राली को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए।

### काली माता मंदिर में मेला आज से शुरू होगा

**कैथल।** माता गेट स्थित सूर्यकुंड डेरे के काली माता मंदिर में शनिवार से दो दिवसीय मेले की शुरूआत होगी। इस मेले को लेकर डेरा प्रबंधन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डेरे में बने काली माता के मंदिर में हर वर्ष चैत्र नवरात्र से पहले अमावस के दिन विश्व प्रसिद्ध मेला लगता है। इसके बाद पहले नवरात्र पर मेले की समाप्ति होती है। ऐतिहासिक डेरा बाबा परमहंस पुरी सूर्यकुंड काली माता मंदिर आस्था का केंद्र है।

### जिला स्तरीय रीडिंग प्रोमोशन प्रतियोगिता में बोले : डीईओ रामदिया

# आज के विद्यार्थियों में कल के बेहतरीन लेखक और कवि, नाम रोशन करेंगे

250 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा कक्षा 6 से 8 के विजेता 12 विद्यार्थी तथा कक्षा 9 से 12 के 16 विद्यार्थियों को दी ट्रॉफी


**कैथल।** रीडिंग प्रमोशन प्रतियोगिता के अव्वल रहे विद्यार्थी अधिकारियों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में जिला स्तरीय रीडिंग प्रोमोशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।आयोजन के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी कैथल रामदिया गागट रहे ।मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन काल में कौशल विकास की सोच का होना अति आवश्यक है। हरियाणा सरकार समय समय पर विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों से जोड़कर बच्चों में छिपी प्रतिभा निखारने का काम करती हैं।

रामदिया गागाट ने बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में की गई शानदार भागेदारी की सहराना की। सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आप में से ही कल के अच्छे लेखक , बेहतरीन कवि, अच्छे डिबेटर बन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर संजय शर्मा खंड परियोजना संयोजक कैथल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता बच्चों में रीडिंग राइटिंग स्पीकिंग एवं प्रदर्शन शैली को निखरती हैं।जो भविष्य में उनके लिए प्रतियोगिता परीक्षा आदि की तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अधीक्षक सुरेश कौशिक ने बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में ही प्रतियोगिताओं में भाग लेने की रुचि से भविष्य की बड़ी प्रतियोगिता में कामयाबी मिलती हैं। कार्यक्रम संयोजक कुशल कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में क्रमशः आठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 में कहानी लेखन, स्पैल बी, वर्तनी, वाद विवाद तथा कक्षा 9से 12 में कहानी लेखन, कविता लेखन, वादविवाद एवं टेंस ऑन क्विज का आयोजन किया गया। खंड स्तर पर विजेता प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस विषय में आगे जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम में 250 प्रतिभागियों एवं अध्यापकों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिस उत्साह से भाग लिया है वह काबिले तारीफ है।

#### वर्तनी में इशिका, वंशिका, उर्वशी, किंगन प्रथम

परिणाम की घोषणा करते हुए विनोद आर्य ने बताया कि 6से 8 कक्षा वर्ग में क्रमशः वर्तनी प्रतियोगिता में इशिका मटौर, वंशिका भाना और उर्वशी हरिगढ़ किंगन प्रथम रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में साहिल गयोंग , दीपांशु तारागढ़, नव्या सोंगरी प्रथम रहे। कहानी लेखन में गुरदीप सिवन, महक रामगढ़ पांडबा एवं खुशी प्रथम रहे। स्पैल बी प्रतियोगिता में खुशी गयोंग, अंशिका मटौर, एवं नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 में क्विज ऑन टेंस में नीतू चौधरी साँच, दीक्षा रामगढ़ पांडबा, काजल गयोंग एवं पलक मुंदरी ने पहला स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में संध्या गांव सिंबला, अनुभव कौशिक गयोंग, सरनदीप गुहला एवं भावना सीवन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन में राधिका पुण्डरी, मनप्रीत सेवन माजरा, हिमांशी क्योड़क एवं नेहा मुंदरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कहानी लेखन में सोनाक्षी भाना, सुमन संयोमाजरा , नैंसी हरिगढ़ किंगन एवं तमन्ना चीका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।


**कैथल।** कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करते नरेंद्र जुलानी खेड़ा सरपंच व भाजपा के बालू मंडल अध्यक्ष

# जुलानीखेड़ा में क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

■ खेल भी जरूरी, नशे से रहना चाहिए दूर : नरेंद्र जुलानीखेड़ा

गांव जुलानीखेड़ा में दो महान खिलाड़ियों, स्वर्गीय भाई मनबीर पटवारी और भाई जगपाल उर्फ जग्गा कैप्टन की स्मृति में युवा साथियों द्वारा एक विशाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नरेंद्र जुलानी खेड़ा सरपंच व भाजपा के बालू मंडल अध्यक्ष ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर सरपंच नरेंद्र जुलानीखेड़ा ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने खेलों को जीवन का अहम हिस्सा बताते हुए ग्रामीण युवाओं को स्वस्थ और अनुशासित जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा दी। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें गणमान्य लोग भी शामिल रहे। आयोजन में खिलाड़ियों और दर्शकों का जोश देखते ही बनता था। ग्रामीणों ने ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की अपील की ताकि गांव के युवा खेलों के प्रति प्रेरित होते रहें।


**कैथल।** नामांकन बढ़ाने के लिए डोर टू डोर सर्वे के दौरान।

### नामांकन बढ़ाने के लिए डोर टू डोर सर्वे किया

**राजौंद।** राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला सेरहद्दा के मुखिया महावीर सिंह व समस्त स्टॉफ सदस्यों के द्वारा विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए डोर टू डोर सर्वे किया गया। सभी स्टॉफ सदस्यों ने डोर टू डोर जाकर ग्रामवासियों को सरकारी विद्यालय मे अपने बच्चों का दाखिला करवाने के लिए प्रेरित किया व सरकारी विद्यालयों में उपलब्ध होने वाली सुविधाओं जैसे खुले हवादार कमरे, हरा भरा वातावरण , शिक्षित , अनुभवी एवं मेहनती स्टॉफ,पहली कक्षा से अंग्रेजी ज्ञान,स्मार्ट क्लास रूम,नियमित फ्री मेडिकल चेकअप,समय समय पर विद्यालय में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि से गांव के लोगों को अवगत करवाया । सभी स्टॉफ सदस्यों ने ग्रामवासियों को सरकारी विद्यालय में मिलने वाले मिड डे मिल के तहत दोपहर के भोजन , निशुल्क पुस्तकें, वर्दी ,बैग, स्टेशनरी के लिए मिलने वाले अनुदान, व सभी छात्राओं को छात्रवृति की सुविधा की जानकारी दी। विद्यालय मुखिया महावीर के द्वारा बताया गया कि सभी स्टॉफ सदस्यों का यह अभियान फरवरी माह से लगातार चलाया जा रहा है।

# रद काले कानूनों को सरकार पिछले दरवाजे से वापस लाने पर आमादा : राजीव आर्य

■ आरोप, सरकार किसानों के नाम पर सेंक रही है राजनीतिक रोटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड


भारतीय किसान मजदूर संयुक्त प्रभारी राजीव आर्य बातचीत करते हुए।

भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन प्रदेश प्रभारी राजीव आर्य ढांड ने आरोप लगाते हुए कहा कि किसान हितैषी होने का दम भरने वाली केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों का शोषण व अनदेखी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट व एम.एस.पी. पर सी2+50 प्रतिशत के फॉमूर्ले को लागू करने से आज तक सरकार बचती आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों के सवालों व मांगों से आज भी सरकार पल्ला झाड़ती आ रही है और जिससे होता है कि सरकार की भाजपा साफ जाहिर किसान हित में एम.एस.पी. को लेकर गारंटी कानून बनाना ही नहीं चाहती है। मात्र किसानों के नाम पर सरकार राजनीतिक रोटियां कस्बे में किसानों की बैठक सेंक रही है। को संबोधित करते हुए किसान नेता राजीव आर्य ढांड ने कहा कि कृषि मार्केटिंग की ड्राफ्ट नीति एन.पी. फार्मिंग को सरकार वापसी ले।


**कैथल।** प्रधानाचार्य सुरेश कुमार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए

### मुंदड़ी विद्यालय के दो बच्चों ने पाया प्रथम स्थान

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखोली अड्डा में जिला स्तरीय' रीडिंग प्रमोशन मंथ ' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के सभी स्कूलों से विभिन्न स्पर्धा में खंड स्तर पर प्रथम रहे बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुंदड़ी के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में और विद्यालय के अंग्रेजी प्रवक्ता व कार्यक्रम के प्रभारी खुशीराम धीमान के नेतृत्व में बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के दो बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया ।पलक सुपुत्री श्री कर्मवीर व नेहा सुपुत्री श्री प्रेम सिंह कक्षा 12वीं की छात्राओं ने क्विज ऑन टेंसेस और कविता लेखन में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के स्टाफ में व अभिभावकों में खुशी का माहौल है। प्राध्यापक सुंदर सिंह, राजवीर सिंह, रामफल सिंह, संदीप गोलन, ओमप्रकाश , रामेश्वर धारीवाल, संदीप मोण, सुनीता रानी, संतोष रानी, पुष्पा देवी, गीता रानी, भागवंती , पारुल , कुमारी पूजा ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# बिरला स्कूल में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**कैथल।** एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मौजूद स्टाफ सदस्य।

बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें एमबीडी ग्रुप की प्रतिष्ठित ट्रेनिंग मैनेजर रीति मल्होत्रा के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदान करने हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया । उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों को कक्षा प्रबंधन और नयी शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बच्चों को खेल खेल मे कैसे पढ़ाया जाए। उन्हें आने वाले नई शिक्षा तकनीक , परीक्षा संचालन और मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश , कक्षा प्रबंधन और गतिविधि आधारित शिक्षा आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और नई शिक्षण पद्धतियों को अपनाने की प्रतिबद्धता जताई। यह पहल विद्यालय के प्रबंधन द्वारा शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊंचा उठाने और शिक्षकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कीटनाशकों का सुरक्षित उपयोग सिखाया

■ किसान आधुनिक तरीके अपनाकर कम खर्च में अपनी कृषि आए बढ़ा सकते हैं : डॉ प्रशांत कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


**कैथल।** किसानों को सम्मानित करते हुए नप अध्यक्ष बबली गोस्वामी।

पूंडरी में कृषि विभाग के सहयोग से हिल इंडिया लिमिटेड भारत सरकार का एक उद्यम द्वारा कीटनाशकों के सुरक्षित एवं सुनियोजित उपयोग विषय पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राजकुमार गर्ग के प्रतिष्ठान पर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 337 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया और कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग के महत्व को समझा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष बबली गोस्वामी ने भाग लिया। इस अवसर पर कैथल के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत कौशिक ने किसानों को कीटनाशक दवाओं के सुरक्षित एवं सुनियोजित उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों पर भी प्रकाश डाला, जिससे किसान अपनी उपज को बढ़ा सकें। उन्होंने ने कहा कि किसान आधुनिक तरीके अपनाकर कम खर्च में अपनी कृषि आए बढ़ा सकते हैं।हिल (इंडिया) लिमिटेड के हरियाणा विपणन प्रभारी अभिषेक कौशिक ने कंपनी के उत्पादों और कीटनाशकों के उपयोग से जुड़ी सावधानियों पर अपने विचार रखे। कंपनी द्वारा किसानों को सुरक्षित छिड़काव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा किट का निःशुल्क वितरण भी किया। जिसे किसानों ने सराहा। इस अवसर पर ग्रो एक्वा फ्रेश के संचालक संजय गर्ग, राजकुमार गर्ग, मुकेश बंसल, नवीन मंगल, संजय कौशिक व लक्ष्मण गोस्वामी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। और कृषि तकनीकों को सीखा।


**कैथल।** जवाहर नवोदय विद्यालय में आगजनी की मौक ड्रिल करते

### जवाहर नवोदय विद्यालय में आगजनी पर मॉक ड्रिल

**कैथल।** जवाहर नवोदय विद्यालय में आगजनी पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें आपात स्थिति में काम करने वाले विभागों से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचें। वहीं दमकल विभाग की टीमों ने मॉक ड्रिल में आग बुझाने व बच्चों को आगजनी की स्थिति में सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास किया। सुबह विभिन्न विभागों के अधिकारियों का इस मॉक ड्रिल में सहयोग के लिए स्कूल प्राचार्या सुचिता गुप्ता ने आभार जताया। इसके बाद अलॉर्म बजाकर स्कूल में आपात स्थिति की घोषणा की गई। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीमें भी स्कूल में पहुंचीं। इन कर्मचारियों ने विद्यालय प्रांगण में सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों को आग लगने के कारण, बचाव के उपाय सिखाए।

# कैरियर काउंसलिंग पर कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद


**कैथल।** राजौंद में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान मौजूद

किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शिक्षा के क्षेत्र में शोध विधि के माध्यम से प्रेरक कैरियर विकास विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शिक्षा जगत से जुड़े प्रमुख वक्ताओं ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डॉ.निर्मल सिंहरोहा द्वारा की गई।उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि इस कार्यशाला से विद्यार्थियों को नई शिक्षण विधियों और आधुनिक तकनीकों की समझ विकसित होगी जो विद्यार्थियों के ज्ञान वृद्धि में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने छात्रों को सही करियर चयन, कौशल विकास और विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारण और निरंतर प्रयास पर जोर दिया। कार्यक्रम के सह संयोजक के रूप में विभागाध्यक्ष डॉ जगजीत सिंह ने कार्यभार संभाला।

### सैनिकों के सम्मान से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्तः नवीन जिंदल


नवीन जिंदल

**कैथल।** कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि लोकसभा सत्र के दौरान सैनिकों के सम्मान से जुड़ा हुआ उठाया। उन्होंने पटियाला में 13 मार्च को सेना के कर्नल के साथ हुई मारपीट के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कर्नल पुष्पेंद्र और उनके बेटे अंगद को मामूली पार्किंग विवाद के चलते पंजाब पुलिस के दर्जनों अधिकारियों द्वारा बुरी तरह से पीटा गया। यह केवल दो व्यक्तियों से मारपीट का मामला नहीं, बल्कि देश की आन बान शान सैनिकों सहित फौज के सम्मान पर हमला है। जिसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 9 दिन तक पीड़ति न्याय के लिए भटकते रहे। उनकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। बाद में जब जनता का दबाव बढ़ा तो मुकदमा दर्ज हुआ लेकिन अभी तक उसमें ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यह पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार और सिस्टम का फेलियर है। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि हरियाणा के हर पांचवें घर से

कार्यक्रम | पुलिस कर्मचारी की दिक्कतों का किया निवारण, एसपी बोले

# सभी थानों में जरूरत का पूरा समान होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** एसपी राजेश कालिया पुलिस कर्मचारियों की मीटिंग लेत हुए

पुलिस लाइन कैथल में पुलिस वेलफेयर मीटिंग का आयोजन किया गया। वेलफेयर मीटिंग की अध्यक्षता के दौरान एसपी राजेश कालिया ने कहा कि पुलिस कर्मचारी किसी भी विभागीय दिक्कत के संबंध में उनसे निसंकोच मिल सकते है, उनकी प्रत्येक विभागिय दिक्कत का तत्काल निवारण किया जाएगा। पुलिस वेलफेयर मीटिंग के दौरान एसपी ने सभी थाना प्रबंधक, चौकी तथा सीआईए प्रभारियों से कहा कि उनकी विभागीय दिक्कतों को बगैर किसी भी देरी के तत्काल समाधान किया जाएगा। बैठक दौरान निर्णय लिया गया कि जिला के सभी थाना-चौकी के वाशरुम तथा किचन में समुचित साफ सफाई कायम रखने के लिए जरुरत अनुसार रिपेयरिंग करवाई जाए, जिनको समय-समय पर चैक किया जाएगा। सभी थाना प्रबंधकों से पुलिस वेलफेयर मीटिंग दौरान उनकी फर्नीचर, लाइट, साफ पानी के लिए आरओ, वाटर कूलर, इनवर्टर तथा अन्य मूलभूत जरूरतों बारे जानकारी प्राप्त करके एसपी राजेश कालिया द्वारा सभी को जरुरत अनुसार सामान को तत्काल उपलब्ध करवाने के आदेश दिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के दौरान एसपी राजेश कालिया द्वारा इससे पूर्व संपन्न हुई वेलफेयर मीटिंग में पुलिस कर्मचारियों द्वारा विभाग कल्याणार्थ उठाए गए बिंदुओं बारे चर्चा करके दिक्कतों के दूर होने बारे हुई कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी हासिल की गई। जिसके दौरान लगभग सभी दिक्कतों बारे ठोस कदम उठाकर समस्याओं का निवारण किए जाने पर एसपी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। तदोपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना-चौकी से आए कर्मचारियों से विभाग के संबंधित दिक्कतों बारे eas जानकारी हासिल करके निपटारा कर दिया गया। पुलिस वेलफेयर मीटिंग में डीएसपी बीर भान, डीएसपी सुशील प्रकाश, डीएसपी गुरविंद्र सिंह, हेड क्लर्क इंस्पेक्टर भरत, अकाउंटेंट एसआई सुनीता, ओएएसआई प्रवेश तथा सभी थाना प्रबंधक मौजूद रहे।

### बच्चो को नशे से दूर रखने के लिए संस्कार दें

**कैथल।** नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी राजेश कालिया के निर्देशानुसार कैथल पुलिस लगातार प्रयारत है। जिसके तहत नशा जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर रामलाल, ए.एस.आई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार व होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम सहित हर एसएचओ व चौकी प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में महिलाओं, बच्चों सहित अन्य व्यक्तियों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील कर रहे है। एसपी राजेश कालिया ने कहा कि पुलिस द्वारा आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घिमाणा में पशु हस्पताल की कंडम बिल्डिंग की बोली दिनांक 05.04.2025 को प्रातः 10:00 बजे सामान्य चौपाल, गांव घिमाणा में की जाएगी। बोली में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकता है। बोली से पूर्व मु. 10,000 रूपये की सिक्योरिटी राशि ग्राम पंचायत के पास जमा की जानी अनिवार्य है और बोली से संबंधित अन्य शर्तें मौके पर बता दी जाएगी।

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत घिमाणा,**
**खण्ड व जिला जींद।**
**मो. 8059307382**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत घिमाणा,**
**खण्ड व जिला जींद।**
**मो. 9467566123**

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार दो युवकों से 498 ग्राम गांजा बरामद

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने गांव कालवन के निकट बाइक सवार दो युवकों को काबू कर कब्जे से 498 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गढ़ी थाना पुलिस कालवन रेलवे फाटक के निकट गांव कमालवाला रास्ते पर आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखे हुई थी। कुछ समय के बाद कमालवाला की तरफ से बाइक सवार युवक आते दिखे थे।

### गलत जानकारी दे लाभ लेने पर होगी कार्रवाई

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार परिवार पहचान पत्र में गलत जानकारी प्रदर्शित करने वाले परिवारों के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जाएंगे। जानबूझकर गलत जानकारी देने वाले परिवारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के साथ उनका सरकारी योजनाओं का लाभ भी बंद किया जाएगा।

### हेरोइन के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने गांव खरल बिजली घर के निकट बाइक सवार व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से सात ग्राम 31 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। गढ़ी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव खरल निवासी राजेंद्र नशीले पदार्थों का कारोबार करता है, जो नशीले पदार्थों को लेकर बाइक पर सवार होकर गांव हमीरगढ़ की तरफ नशा सप्लाई करने जाएगा।

### पीएम आवास योजना:31 मार्च तक करें पंजीकरण

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका भी अपना पक्का घर हो। जरूरतमंद लोगों के इस सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है। जो परिवार वर्ष 2017-18 योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन नहीं कर पाए थे, उनके लिए भारत सरकार द्वारा योजना का लाभ लेने के लिए आवास प्लस पोर्टल खोल दिया गया है। कोई भी पात्र परिवार आवास पोर्टल पर जाकर 31 मार्च तक पंजीकरण कर सकता है।

### हत्या करने के चार आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव धरौदी में व्यक्ति की हत्या करने के मामले में चार आरोपितों को गिरफतार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव धरौदी निवासी सुरेश तथा खजाना परिवार के बीच जून 2024 में झगड़ा हो गया था। जिसमें खजाना की मौत हृदय गति रूकने से हो गई थी। जबकि सुरेश को भी गंभीर चोटें आई थी।

### मूंग के बीज के लिए 20 तक करवाएं पंजीकरण

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. बाबू लाल ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से 75 प्रतिशत अनुदान पर ग्रीष्मकालीन मूंग के बीज का वितरण किया जाएगा। किसानों को हरियाणा बीज विकास निगम के बिक्री केन्द्रों के माध्यम से बीज वितरित किया जाएगा। यह बीज प्राप्त करने के लिए 25 ः राशि किसान को जमा करवानी होगी।

### दो सगे भाई और बहन संदिग्ध हालत में लापता

**जींद।** गांव हसनपुर से दो सगे भाई, बहनों के संदिग्ध हालत में गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव हसनपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई की मौत लगभग सात साल पहले हो गई थी। उसके भाई की 14 वर्षीय बेटी तथा सात वर्षीय बेटा उसके पास रह कर पढ़ाई कर रहे थे। गत दिवस दोपहर को दोनों भाई व बहन घर से संदिग्ध हालत में गायब हो गए।

### प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की तैयारी प्रारंभ

**कलायत।** नपा आम चुनाव परिणाम के साथ ही प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत राष्ट्रीय मार्ग, रेलवे रोड, मटौर रोड, श्री कपिल मुनि धाम मार्ग और अन्य स्थानों से अतिक्रमण हटाने के लिए टीम गतिशील होगी।

---

*नगर परिषद ने पार्किंग के लिए लगाया टेंडर*

# जल्द मिलेगी शहर के लोगों को रानी तालाब के निकट अस्थायी पार्किंग, 41.78 लाख रुपये की राशि खर्च होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

रानी तालाब के निकट स्थित गुरुद्वारा के पास नप की ओर से अस्थायी पार्किंग बनाई जाएगी। इसके लिए 41 लाख 78 हजार रुपये की राशि खर्च की जानी है। इसके लिए नगर परिषद ने टेंडर लगाया है। इसकी ऑनलाइन बिड अप्रैल माह के पहले सप्ताह में खुलेगी। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी की ओर से काम किया जाएगा। लंबे समय से यहां पार्किंग बनाने को लेकर योजना बनाई जा रही थी। पिछले दिनों जनवरी माह में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा और नगर परिषद के अधिकारियों के साथ दौरा कर जल्द पार्किंग बनाए जाने को लेकर निर्देश दिए थे।

#### शहर में पार्किंग की पर्याप्त सुविधा नहीं

गौरतलब है कि दो लाख से ज्यादा की आबादी वाले जींद शहर में पार्किंग की पर्याप्त सुविधा नहीं है। बाजार में रैन बसैरे के पास थोड़ी सी जगह में पार्किंग है जहां पांच से सात गाडिया खड़ी रहती हैं। इसके अलावा तांगा चौक के पास भी दुकानों के आगे खरीदारी करने आए ग्राहक और दुकानदारों की बाइक खड़ी रहती हैं। जो लोग घरों से बाजार में खरीदारी के लिए आते हैं, उन्हें अपने वाहन खड़ा करने के लिए कहीं जगह नहीं मिलती। मजबूरी में लोग सड़कों के साथ वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे बाजार में जाम लगा रहता है। वाहनों की पार्किंग के लिए एक बड़ा पार्किंग स्थल बनाने का मुद्दा कई बार प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में भी उठता रहा है। डिप्टी स्पीकर ने भी कई बार बैठकों में अधिकारियों को शहर में पार्किंग बनाने के निर्देश दिए थे। अब शहर के गुरुद्वारा तेग बहादुर साहिब के साथ नगर परिषद की खाली पड़ी जमीन पर अस्थायी पार्किंग बनेगी। इससे लोगों को अपने वाहन खड़े करने में दिक्कत नहीं आएगी और बाजार में जाम भी नहीं लगेगा।

#### पांच एकड़ में बनाई जाएगी पार्किंग



जींद। वह जगह जहां पार्किंग बनाई जाएगी। फोटो :हरिभूमि

#### बाजार में जाम की स्थिति से लोगों को राहत मिलेगी

- टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी की ओर से काम किया जाएगा।

नगर परिषद अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि नगर परिषद का प्रयास है कि लोगों को बेहतर सुविधा दी जाए और शहर में विकास कार्य तेजी से करवाए जाए। गुरुद्वारा तेग बहादुर के पास अस्थाई पार्किंग बनाई जाएगी। इसके लिए नगर परिषद ने टेंडर लगाया है। इस पर 41 लाख रुपये से अधिक की राशि खर्च होगी पार्किंग शुरू होने के बाद बाजार में जाम की स्थिति से लोगों को राहत मिलेगी। इसकी ऑनलाइन बिड अप्रैल माह के पहले सप्ताह में खुलेगी। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी की ओर से काम किया जाएगा। लंबे समय से यहां पार्किंग बनाने को लेकर योजना बनाई जा रही थी।

---

### अगर कोरोना जैसी बीमारी ने दस्तक दी तो, वार्ड बनाने में लगेगा समय

# एक जगह लैब लाने के चक्कर में खत्म हो गया आइसोलेशन वार्ड

## अधिकारियों ने रोया फंड का रोना, बगैर फंड के कैसे हों काम

*एनक्वास की टीम ने उठाए सवाल, अस्पताल बंद करने की आ जाएगी नौबत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

केंद्र सरकार द्वारा गठित नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) की टीम ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी नगारिक अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि कोरोना काल के दौरान पुरानी बिल्डिंग में बनाए गए आइसोलेशन वार्ड को खत्म कर उचाना आरटीपीसीआर लैब का सामान रखा जा रहा है। जिस पर टीम ने सवाल उठाया और कहा कि अगर कोरोना जैसी बीमारी ने एकदम से फिर दस्तक दे दी तो कैसे मरीजों को उपचार दिया जा सकेगा। अगर अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार नही किया तो अस्पताल बंद करने तक की नौबत आ जाएगी।

टीम ने अपनी दो दिवसयी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की और दिल्ली के लिए रवाना हो गई। टीम द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट अपने उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी। यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि रिपोर्ट में जींद अस्पताल स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरा है या फिर खामियों में सुधार की गुंजाइश है। डीजी हैल्थ ने आदेश दिए हैं कि मरीजों को टैस्ट के लिए अलग-अलग जगह न भटकना पड़े, इसके लिए लैब को एक ही जगह लाया जाए ताकि सभी टैस्ट एक जगह हों। जिसका काम जोरों से चला हुआ है। अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के तीसरे तल पर उचाना की आरटीपीसीआर लैब को लाया जा रहा है, जहां आइसोलेशन वार्ड था। एनक्वास जांच के लिए केंद्रीय स्तर से डा. गगनदीप कौर (एक्सट्रनल असेसर) जब यहां पहुंची तो आइसोलेशन वार्ड को खत्म किए जाने पर सवाल किए।

टीम ने शुक्रवार सुबह ही निरीक्षण की शुरूआत की। दूसरे दिन भी अस्पताल का निरीक्षण कर फीडबैक ली गई। दूसरे दिन भी प्रति बैड डॉक्टर और नर्स की संख्या, ओटी में एयर फिल्टर, तापमान, इंफेक्शन कंट्रोल के उपाय, क्लीनिकल सेवाएं, इंफ्रास्ट्रक्चर, पेशेंट वेटिंग एरिया, अस्पताल में वेंटीलेशन, सफाई व्यवस्था, सीसी टीवी कैमरे, बायो वेस्टेज, आक्सीजन आदि बिंदुओं पर निरीक्षण किया। टीम शाम तक अस्पताल की व्यवस्थाओं को जांचा व फिर दिल्ली के लिए रवाना हो गई।



जींद। अस्पताल का निरीक्षण करते टीम। फोटो :हरिभूमि

#### तैयार करवाया जाएगा: डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि एनक्वास की टीम ने अपना दो दिवसीय निरीक्षण पूरा कर लिया है। टीम द्वारा अस्पताल की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए जो सुझाव दिए गए हैं, उन पर कार्रवाई की गई है। फिर से आइसोलेशन वार्ड बनाए जाने को लेकर जगह का चयन किया जा रहा है। जल्द ही आइसोलेशन वार्ड बनाया जाएगा।

#### बेहद मिली खामियां

एनक्वास टीम को अस्पताल में ऐसी कोई जगह नही मिली, जहां खामियां न मिली हों। टीम ने अस्पताल की ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, प्रसूति वार्ड व फार्मेसी का निरीक्षण किया। कहीं बिल्डिंग में सीलन मिली तो कहीं दवाइयों के रखरखाव ठीक नही मिला। कहीं कबाड़ का सामान खुले में पड़ा था तो कहीं चिकित्सकों के कमरे के बाहर लंबी लाइनें लगी थी। स्वास्थ्य स्टाफ से पूछताछ की तो वो भी सही तरीके से जवाब नही दे पाए। स्टाफ नर्स से रिकॉर्ड रजिस्टर को सही से मेनटेन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा फंडिंग को लेकर भी स्वास्थ्य अधिकारियों ने टीम के समक्ष दुखड़ा रोया। डा. गगनदीप कौर ने कहा कि टीम ने दो दिवसीय निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर ली है।

---

# 2.630 किलोग्राम अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

- नशे के नेटवर्क के बारे में आरोपित से पूछताछ कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव हथो में मकान पर छापेमारी कर एक व्यक्ति के कब्जे से दो किलो 630 ग्राम अफीम बरामद की है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गांव हथो निवासी लखविंदर नशीले पदार्थों का कारोबार करता है। जिसके आधार पर सीआईए स्टाफ ने लखविंदर पर नजर रखनी शुरू कर दी। लखविंदर नशीले पदार्थ की डिलीवरी करने के लिए घर से निकल रहा था कि इसी दौरान छापेमारी कर लखविंदर को काबू कर लिया। पुलिसकर्मियों ने जब लखविंदर की तलाशी ली तो कब्जे से अफीम बरामद हुई। वजन दो किलो 630 ग्राम पाया । सदर थाना नरवाना पुलिस ने लखविंदर के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि अफीम के साथ पकड़े गए आरोपित से नशे के नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है।



जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो :हरिभूमि



कैथल। प्रतियोगिता में अव्वल रही छात्राओं को सम्मानित करते पदाधिकारी।

#### पोस्टर मेकिंग में खुशी प्रथम

**कैथल।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आरकेएसडी कालेज के सांयकालीन सत्र द्वारा स्वच्छ भारत मिशन पर भूगोल विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ चढ कर भाग लिया और स्वच्छता से सम्बन्धित बहुत सुन्दर सुंदर पोस्टर बनाए और पोस्टर के माध्यम से स्वछता को समझाने का प्रयास किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान खुशी (बी.ए द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान विशाल (बी.ए प्रथम वर्ष), तृतीय स्थान स्नेहा (बी.ए तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. कसुम लता और प्रो. दीपिका गुप्ता ने निभाई।

### मंडी में गेंहू के सीजन में आने वाली समस्याओं को लेकर आढ़तियों की बैठक

**पूंडरी।** अनाज मंडी में मंडी एसो कार्यकारिणी की बैठक प्रधान जेपी जुड़ उर्फ जयप्रकाश मूंदड़ी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आगामी गेंहू के सीजन को देखते आढ़तियों व किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। प्रधान जेपी जुड़ ने कहा कि आढ़ती किसानों का गेहूं मंडी में डलवाने के लिए तैयार है, लेकिन पूंडरी मंडी का लिंक साइलो गोदाम सोलुमाजरा होने के चलते खरीद एजेंसी बारदाना नहीं देंगी, जब तक वहां से लिंक नहीं हटाया जाता है। इसके अलावा हर वर्ष गेंहू साइलो गोदाम में जाते रहने की वजह से आढ़तियों के पास पर्याप्त मजदूर भी नहीं है। खरीद एजेन्सी अभी तक स्पष्ट नहीं कर रही कि गेंहू मंडी में डलवाना है या साइलो गोदाम में जाना है।

---



नन्द करण माजरा के हरियाणा पुलिस मे कार्यरत युवक अरविंद माजरा व अनु।

#### बिना दहेज विवाह कर बनाई मिसाल

**राजौंद।** राजौंद कैथल में दूल्हे ने समाज के लिए एक मिसाल प्रस्तुत की। बिना दहेज शादी में ससुराल पक्ष से केवल एक रुपया और नारियल लेकर दुल्हन को विदा कराकर घर लाया। दूल्हे की इस फैसले की तारीफ हो रही है। गांव नन्द करण माजरा के हरियाणा पुलिस मे कार्यरत युवक अरविंद माजरा ने गांव नैना की एम.एससी पास युवती अनु के साथ रचाए विवाह में शुगन के तौर पर एक रुपया और नारियल लेकर एक मिसाल कायम की है। दरअसल, गांव के शहीद भगत सिंह सगंठन से जुड़ा अरविंद शुरू से ही लड़कियों को उच्च शिक्षा देने का हिमायती रहा है। साथ ही दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या और नशे जैसी बुराइयों का कड़ा विरोधी रहा। जब उसके रिश्ते की बात नैना गांव के रामफल सिंह की बेटी के साथ चली तो उसने पहले ही दहेज न लेने की बात स्पष्ट कर दी।

# वीएलडीए को नहर में डूबता छोड़ बाइक फोन और कपड़े लेकर फरार हुए थे साथी

- वीएलडीए के पिता की शिकायत पर सहयोगी वीएलडीए समेत तीन लोगों पर हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

गांव उझाना के निकट भाखड़ा ब्रांच नहर में संदिग्ध हालत में डूबे के वीएलडीए की मौत के मामले में गढ़ी थाना पुलिस ने साथी वीएलडीए समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज किया है। तीनों वीएलडीए को नहर में डूबते छोड़ उसकी बाइक, फोन तथा कपड़े लेकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्या था मामलाः मिलकपुर जिला हिसार निवासी सचिन (25) उझाना पशु अस्पताल में वीएलडीए के पद पर ड्यूटीरत था। वीरवार को सचिन साथी वीएलडीए विकास व दो अन्य के साथ गांव के निकट से गुजर रही भाखड़ा ब्रांच नहर में नहाने गए थे। जहां पर सचिन संदिग्ध हालत में भाखड़ा नहर में डूब गया।

#### बचाने की बजाय भागे साथी

वीएलडीए सचिन के साथ भाखड़ा नहर पर सहयोगी वीएलडीए विकास, गांव उझाना निवासी अनिल, गांव नेपेवाला निवासी अमन भी साथ थे। जब सचिन संदिग्ध हालत में नहर में डूबा तो आरोपित उसे बचाने की बजाय उसकी बाइक, मोबाइल फोन, कपड़े लेकर फरार हो गए थे। मृतक वीएलडीए सचिन के पिता सुनील दत्त ने आरोप लगाया कि उसे उसके बेटे की मौत पर संदेह है। आरोपितों ने सोची-समझी रणनीति के तहत उसके बेटे की हत्या की है। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतक के पिता सुनील दत्त की शिकायत पर सहयोगी वीएलडीए विकास, अमन तथा अनिल के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़ी थाना प्रभारी विक्रम ने बताया कि मृतक के पिता ने आरोप लगाते शिकायत दी थी। फिलहाल मृतक के सहयोगी समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।



पूंडरी। अनाज मंडी में सरसो की खरीद करते वेयरहाउस प्रबंधक राजेश ग्रेवाल।

#### सरसों की सरकारी खरीद जारी

**पूंडरी।** पूंडरी अनाज मंडी में सरसों की खरीद सुचारू रूप से जारी है। वेयरहाउस के मैनेजर राजेश ग्रेवाल ने बताया कि सरकारी रेट 5950 रुपए पर सरसों की खरीद की जा रही है। प्रबंधक ने किसानों से आग्रह किया है कि वे अपनी सरसों की फसल को सरकारी मापदंडो के अनुसार मंडी में लाकर बेचें। आश्वासन दिया कि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी और मंडी में खरीद प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि अब तक सरसो की खरीद लगभग 1 हजार 250 क्विंटल की हो चुकी है और उसका उठान भी कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि किसानों को उनकी फसल का दाम भी उनके खातों में प्रोसैस साथ की साथ किया जा रहा है। अब तक 58 लाख 22 हजार पच्चत्तर रुपए किसानों के खाते में डाले जा चुके हैं।

---

**चैंपियनशिप** जोर्डन के ओमान में चल चैंपियनशिप, गांव में खुशी का महौल

# लजवाना कलां की बेटी मानसी ने सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य

## मानसी के परिवार ने चार राष्ट्रीय, तीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देश को दिए



- गांव पहुंचने पर विजेता खिलाड़ी का जोरदार स्वागत किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जुलाना

जुलाना क्षेत्र के लजवाना कलां गांव की लाडली बेटी मानसी लाठर ने जोर्डन के ओमान में चल सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है।

गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है। मानसी लाठर ने इससे पहले अंडर-17 एशियन चैंपियनशिप में अंडर-17 में गोल्ड मेडल जीता था। मानसी लाठर के ताऊ सतीश पहलवान ने बताया कि मानसी बचपन से ही खेलों के प्रति जागरूक रही है। मानसी लाठर के परिवार में तीन कुश्ती के कोच हैं। मानसी के पिता जयभगवान लाठर साईं के कोच हैं और 20 बार इंडिया पुलिस के मेडलिस्ट रहे हैं और अनेकों बार के अंतरराष्ट्रीय पहलवान रहे हैं। स्वेच्छा से सीआरपीएफ से एएसपी के पद से सेवानिवृति ली थी। बच्चों के भविष्य को देखते हुए उन्होंने साई के कोच के रूप में कार्य कर रहे हैं। मानसी लाठर के परिवार ने चार राष्ट्रीय, तीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देश को दिए हैं। मानसी लाठर की माता सीमा लाठर भी एक कोच हैं। जोकि खिलाड़ियों को तराशने का काम कर रही हैं।

#### सपने को पूरा किया

सतीश पहलवान ने बताया कि उनके दादा फुला नंबरदार का सपना रहा है कि उनकी बेटी विदेशों में खेल कर परिवार का नाम रोशन करें। इसी सपने को पूरा करने के लिए परिवार के सदस्यों ने एडी, चोटी का जोर लगाते हुए उसे सपने को पूरा किया है। सतीश पहलवान ने बताया कि गांव पहुंचने पर विजेता खिलाड़ी का जोरदार स्वागत किया जाएगा।



नरवाना। मानवी को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में मानवी अव्वल

**नरवाना।** हरियाणा रेड क्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ व शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई स पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय नशा मुक्ति, पर्यावरण सुरक्षा, रक्तदान था स जिसमें राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला बेलरखा कक्षा पाँचवीं की छात्रा मानवी ने पर्यावरण सुरक्षा विषय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रक्तदान पेंटिंग विषय में आठवीं कक्षा की छात्रा जेसिका ने जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया स विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने विद्यार्थियोंए अध्यापकोंए अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। मुख्य शिक्षक सुरेंद्र पातलान ने विद्यार्थी ए अभिभावक एवं कक्षा इंचार्ज प्रदीप जागलान को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान अजमेर सिंह ने भी विद्यार्थियोंए शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे लिए खुशी की बात है कि दो विद्यार्थियों ने नवोदय की प्रवेश परीक्षा भी पास की है उन्होंने कहा कि विद्यालय निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और प्रधानाचार्य बलजीत गोयतए मुख्य शिक्षक सुरेंद्र पातलान के नेतृत्व में विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।